फर्द आदेश

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर (ग्रामीण)

राजेन्द्र बनाम उपखण्ड अधिकारी बस्सी व अन्य

प्रकरण संख्या : 58/2022 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
07.03.2024	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि उपखण्ड अधिकारी बस्सी के पीठासीन अधिकारी श्री शिवचरण शर्मा, आर.ए.एस. का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। प्रार्थी के सुयोग्य अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया। प्रार्थी ने उपखण्ड अधिकारी बस्सी के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 45/2022 एवं अस्थाई निषेधाज्ञा संख्या 28/2022 ब–उनवानी प्रदीप बनाम कल्याण व अन्य में पीठासीन अधिकारी श्री शिवचरण शर्मा, आर.ए.एस. से न्याय मिलने मे शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। उपखण्ड अधिकारी बस्सी के पीठासीन अधिकारी श्री शिवचरण शर्मा, आर.ए.एस. का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरूद्ध प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुंतकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शून्य(Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी को मुंतकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (प्रकाश राजपुरोहित) जिला कलक्टर जयपुर (ग्रामीण)	